हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025



# लक्ष्य के करीब भी नहीं हुई वसूली, 24 करोड़ की डिमांड पर 17 करोड़ राजस्व वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम का राजस्व बढ़ाने के लिए विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद लक्ष्य की 69 प्रतिशत वसूली ही 31 मार्च तक पूरी हो पाई है। नगर निगम द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, जल कर, दुकान किराया, यूजर चार्ज और अन्य स्त्रोतों से लगभग 24 करोड़ 74 लाख 33 हजार रुपए की वसूली का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन 31 मार्च तक नगर निगम के राजस्व विभाग में 17 करोड़ 8 लाख 99 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

नगर निगम के राजस्व अमले ने संपत्ति कर में 73.56 प्रतिशत, समेकित कर में 58.67 प्रतिशत, जलकर में 26.50 प्रतिशत, दुकान किराया में 82.44 प्रतिशत, यूजर चार्ज में 40.37 प्रतिशत करों की वसूली की है।

**31 प्रतिशत कम वसूली**

माली हालत से जूझ रहे नगर निगम में अक्सर कर्मचारियों के वेतन के लाले हो जाते हैं। ऐसे में राजस्व वसूली को बढ़ाकर निगम को सर्वाधिक रूप से मजबूत बनाने और शहर विकास की दिशा में कार्य करने के लिए नगर निगम का राजस्व बढ़ाने लगातार करदाताओं से अपील, समय से पहले कर पटाने पर छूट, क्यूआर कोड से भुगतान सहित कई प्रयास किए गए। इसके बाद भी कर वसूली लक्ष्य से 31 प्रतिशत पिछड़ गई। हालांकि नगर निगम के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों ने इस ओर विशेष ध्यान दिया, लेकिन वे कर वसूली में अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए।

## माली हालत से जूझ रहे निगम के कर्मचारी, नहीं वसूल पा रहे पर्याप्त कर, फिर 30 फीसदी दूर

### संपत्तिकर में बेहतर वसूली

नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा संपत्ति कर 6 करोड़ 13 लाख 32 हजार वसूला जाना था, लेकिन इसमें 4 करोड़ 51 लाख 16 हजार रुपए की वसूली हुई है। वहीं समेकित कर 2 करोड़ 66 लाख 80 हजार रुपए का लक्ष्य था। जिसमें 01 करोड़ 56 लाख 53 हजार की वसूली हो पाई है। वहीं जलकर में भी 5 करोड़ 82 लाख 70 हजार रुपए के लक्ष्य पर 3 करोड़ 29 लाख 25 हजार रुपए की वसूली की गई।



### लक्ष्य के करीब दुकान किराया

नगर निगम द्वारा राजस्व करों की वसूली के लिए दुकान किराये की राशि 1 करोड़ 26 लाख 34 हजार वसूला जाना था। इसमें लक्ष्य के करीब लगभग 01 करोड़ 4 लाख 16 हजार रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई। वहीं यूजर चार्ज के मामले में 02 करोड़ 93 लाख 35 हजार की जगह 01 करोड़ 5 लाख 55 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

**जलकर में फिसड्डी :** राजस्व कर की वसूली के मामले में नगर निगम द्वारा दुकान किराया और संपति कर की वसूली बेहतर रही। वहीं जलकर वसूली के मामले में नगर निगम का राजस्व अमला काफी पीछे रहा और लक्ष्य से आधी वसूली भी नहीं हो पाई।

## नजूल भूमि धारकों की जेब पर भारी पड़ रहा निर्धारण कराना, बदलाव की मांग

# भू-भाटक के निर्धारण में भ्रम से अटकी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर राजनांदगांव में नजूल भूखंडों के भू-भाटक निर्धारण की प्रक्रिया में चार साल पहले आए बदलाव के चलते अब प्रक्रिया पूरी तरह से अटक गई है। चार साल पहले इसके निर्धारण में प्रदेश शासन द्वारा अंदरखाने बड़ा बदलाव किया गया। जिसके बाद अब कई गुना भू-भाटक चुकाने के लिए शहरवासी मजबूर हो गए हैं।

यही कारण है कि निर्धारण कराने के बाद भी शुल्क पटाने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। बड़ी बात यह है कि प्रदेशभर में यह नियम केवल राजनांदगांव शहर के लिए ही बनाया गया है। बाकी शहरों में पुराने नियमों के अनुसार ही भू-भाटक निर्धारण किया जा रहा है। हालांकि इस मामले में अब शासन से पत्राचार कर नियमों में बदलाव की मांग एक वर्ग द्वारा की जा रही है। मामले में शहरवासियों में आक्रोश की स्थिति है।

## प्रदेश में केवल राजनांदगांव शहर के लिए बदला गया नियम, लोग परेशान

**खास बातें**

- शहर के भीतरी इलाकों में नजूल भूमि अधिक
- शासन को राजस्व का हो रहा नुकसान
- सैकड़ों प्रकरण लंबित, रोजाना हो रहे वाद-विवाद



### खरीदी-बिक्री अटकी

नियमों में बदलाव के बाद भू-भाटक निर्धारण की प्रक्रिया पूरी तरह से ठप हो गई है। जिसके चलते शहर के बड़े हिस्से में जमीन की खरीदी बिक्री पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। बताया गया कि शहर के कई ऐसे भूखंड हैं। जिनकी बिक्री होनी है, लेकिन उन भूमि का भू-भाटक निर्धारित नहीं होने के चलते प्रक्रिया अटकी हुई है। इसके अलावा उक्त भूमि का कोई भी रिकार्ड सरकार के भुईयां एप में नहीं दिखा रहा है। ऐसे ही बैंक से लोन की प्रक्रिया भी इन भूखंड को लेकर नहीं हो पा रही है।

### 2015 में भी जारी किए निर्देश

इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 में भी एक आदेश एवं दिशा निर्देश जारी किया था। उस आदेश में कहा गया था कि शहर के नजूल भूमि धारकों द्वारा आवेदन करने पर भू-भाटक का निर्धारण चालू वर्ष से ही किया जाए। ज्ञात हो कि यह आदेश राजनांदगांव के साथ ही पूरे प्रदेश के लिए जारी हुआ था, लेकिन इसमें छह साल बाद 2021 में तत्कालीन प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला कलेक्टर द्वारा बदलाव कर दिया गया था। बदलाव के बाद यह तय किया गया कि नजूल भूमि धारकों द्वारा आवेदन करने के बाद उनकी भूमि के भू-भाटक का निर्धारण कब्जा दिनांक से किया जाए। इस नियम में बदलाव के बाद निर्धारण की राशि लाखों रुपए तक पहुंच गई है। यही कारण है कि कई लोगों ने भू-भाटक निर्धारण करा तो लिया, लेकिन अब तक राशि अदा नहीं की है।

### विस अध्यक्ष तक पहुंचा मामला, नियमों में बदलाव की मांग

राजनांदगांव शहर के साथ हो रहे इस सौतेलेपन के खिलाफ अब अवाज भी उठनी शुरू हो गई है। शहर के ही एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस मामले को लेकर विस अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर चर्चा भी की है। उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी उन्हें देकर इसमें बदलाव की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी के बाद इस मामले की जानकारी मिलते ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तत्काल एक्शन लेते हुए संबंधित विभाग के सचिव को पत्र भी लिखा है। उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता को भरोसा दिलाया है कि राजनांदगांव शहर के साथ अन्याय नहीं होगा।

**विश्व नवकार महामंत्र दिवस आज :** राजनांदगांव। विश्व नवकार महामंत्र दिवस के आयोजन के तहत शहर के जैन बगीचा सदर बाजार में कल 9 अप्रैल को सुबह 8 से 9.36 बजे तक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में सामूहिक रूप से नवकार जाप किया जाएगा। तत्पश्चात नवकारसी की व्यवस्था सुबह 9.40 बजे है। श्री सकल जैन श्री संघ महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## छग से 55 कांग्रेसी को मिला को न्यौता

# कांग्रेस के महाअधिवेशन में जिले के किसी कांग्रेसी को बुलावा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस देशभर में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद में महाअधिवेशन कर रही है। इस महअधिवेशन में देशभर से कांग्रेसियों को बुलाया गया है। इसमें प्रदेश से भी 55 नेताओं को बुलाया गया है, लेकिन आश्चर्यजनक बात यह है कि इसमें अविभाजित राजनांदगांव जिले से किसी भी नेता का नाम शामिल नहीं है। करीब दो से तीन दशक तक अपनी सेवाएं पार्टी को देने वाले नेताओं को दरकिनार करने से जिले के कांग्रेसी नेताओं में भी नाराजगी देखने को मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि कल 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का मुख्य अधिवेशन होगा। जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

यह कार्यक्रम साबरमती रिवर फ्रंट पर आयोजन किया जा रहा है। यहां नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए वीवीआईपी डोम बनाया गया है। इस अधिवेशन की थीम है न्यायपथः संकल्प, समर्पण और संघर्ष।

अधिवेशन में सोनिया गांधी, राहुल जैसे सीनियर लीडर मौजूद रहेंगे। पार्टी के मुताबिक यह अधिवेशन गुजरात में संगठन को मजबूत करने और 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए रोडमैप तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

### इनको बुलाया

मिली जानकारी के अनुसार इस महाअधिवेशन में सीडब्ल्यूसी के स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों को, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं मंत्री, सभी राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, विधायक दल के नेता और प्रतिपक्ष को बुलाया गया है।

### पांच विधायक, पूर्व मंत्री मौजूद

अविभाजित राजनांदगांव जिले की छह विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस के विधायक हैं। इतना ही नहीं कई पूर्व विधायक भी जिले में मौजूद है। इनमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनेश पाटिला जैसे नाम शामिल हैं, लेकिन इनमें से किसी को भी कांग्रेस के अहमदाबाद में आयोजत महाअधिवेशन में बुलावा नहीं दिया गया है। जिला अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष को भी इस कार्यक्रम का न्यौता नहीं है।

# बयाना लेने के बाद दूसरे को बेची जमीन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रार्थिया के साथ आरोपी ने जमीन का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर बयाना राशि 600000 रुपए प्राप्त की व उक्त जमीन को किसी अन्य से सौदा कर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 मार्च को प्रार्थिया श्रीमती देवकीबाई आयु 37 वर्ष निवासी भिलाई कुरूद द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी प्रणय गुप्ता आयु 38 वर्ष निवासी अटल विहार पेंड्री द्वारा कृषि भूमि स्थित ग्राम गिधवा प.ह.नं. 01. तहसील देवरी बंगला जिला बालोद का खसरा नंबर 97 रकबा 0.41 हेक्टेयर के जमीन का प्रार्थियां के साथ एक इकरारनामा उक्त भूमि का हुंडा पक्का सौदा राशि 8,00,000 रुपए में करते हुए निष्पादित किया गया था। बयाना राशि 6,00,000 रुपए चेक के माध्यम से व नगद प्राप्त कर उस भूमि का सौदा अन्य व्यक्ति के साथ किया। धोखाधड़ी करने के संबंध में प्रार्थियां द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करने पर शिकायत की जांच बाद थाना कोतवाली में अनावेदक प्रणय गुप्ता के विरूद्ध धारा 318 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार इस मामले में विवेचना के दौरान आरोपी प्रणय गुप्ता पिता राजाराम गुप्ता साकिन पेंड्री अटल विहार थाना लालबाग को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने पर 8 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

## दिन-रात के तापमान में बड़ा अंतर, स्वास्थ्य पर असर

# जिले का अधिकतम तापमान पहुंचा 42.5 डिग्री, प्रदेश में सबसे गर्म रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल के शुरूआती दिनों में बदली छाए रहने के बाद अब गर्मी ने तांडव मचाना शुरू कर दिया है। अंचल में अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर 42.5 डिग्री पर पहुंच गया है। राजनांदगांव सोमवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा। वहीं आगे भी तापमान में वृद्धि की ही संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व झारखंड और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पूर्वी बिहार से उत्तर तेलंगाना तक छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका उत्तर मध्य महाराष्ट्र से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को कल प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश में रायपुर संभाग के जिले, बस्तर संभाग और उससे लगे दुर्ग संभाग के जिलों में, साथ ही बिलासपुर संभाग के पूर्वी जिलों में हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और अंधड़ चलने की संभावना है।



### लगातार चढ़ रहा तापमान

राजनांदगांव जिले का तापमान लगातार 40 डिग्री के पार ही रहने लगा है। रविवार को यह सर्वाधिक 43.5 डिग्री पर पहुंच गया था। वहीं सोमवार को यह 42.5 डिग्री पर रहा। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि माहांत तक अधिकतम तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 22.5 डिग्री पर पहुंच गया है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान दोनों ही सामान्य से अधिक पर है।



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### गैस के दाम बढ़ाना लोकहित में नहीं: वर्मा

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने रसोई गैस, पेट्रोल एवं डीजल की कीमत में वृद्धि का विरोध करते हुए कहा कि सरकार आम लोगों का जेब ढीला कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य मे एक तरफ सुशासन तिहार मनाते हुए समस्या हल करने की बात कह रही है दूसरी ओर दैनिक उपयोग की वस्तु के दाम बढ़ा कर समस्या खड़ी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दाम पहले एक हजार तक पहुंच गया है। मंहगाई इन दिनों चरम पर है ऐसे समय पर गैस के दाम में 50 रूपए की वृद्धि ने लोगों का आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है। सरकार का यह फैसला जनहित में नहीं है।

### महाविद्यालय में पाई दिवस का आयोजन




**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और संजय देवांगन की निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय पाई दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने कहा कि गणितीय स्थिरांक को पहचानने के लिए हर साल दुनिया में 14 मार्च को पाई डे मनाया जाता है। पाई दिवस 14 मार्च को इसके अनुमानित मान - 3.14 के आधार पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर पाई नहीं होती तो वृत्त, गोले और त्रिज्या से संबंधित गणनाएं असंभव हो जाती। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक मोनिका सिन्हा ने किया। इस दौरान डॉ. नवीनसिंह राजपूत, डॉ कमलेश चेलक, महेश साहू, रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, नेमू साहू, हिरेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।

### उल्लास से मनाया स्थापना दिवस



**साल्हेवारा।** बस स्टैंड में भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। भाजपा नेता निजाम सिंह मंडावी, शत्रुहन साहू, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, महेंद्र यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, विक्की खान, प्रहलाद मरकाम, मुजन यादव, मन्नू मरकाम, दशरथ पटेल, तुलसी यादव, मुकेश साहू, ओमलाल साहू, कमल पटेल की उपस्थिति में पार्टी संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के उमेश मरकाम, गगन अग्रवाल, सतीश वर्मा, खेम साहू, चमन वर्मा, पवार मेरावी और करन पटेल की भागीदारी रही।

### एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 से

**डोंगरगांव।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। प्रवेश के लिए सेजस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा। प्राचार्य भरतलाल देवांगन ने बताया कि प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 से 5 मई तक किया जा सकता है। रिक्त सीटों से अधिक आवेदन आने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से चयन आगामी 8 मई को किया जाएगा। आगामी 11 से 15 मई तक प्रवेश की अन्य कार्यवाही की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन किया जा सकता है। एक विद्यार्थी एक विद्यालय के लिए ही आवेदन कर सकता है। महतारी दुलार योजना अंतर्गत बच्चों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। रिक्त सीटों में 50 प्रतिशत छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालको के बच्चों को रिक्त सीट के 25 फीसदी सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। शेष 25 प्रतिशत सीट ओपन होगी। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। प्रवेश की विस्तृत जानकारी सेजस पोर्टल से लिया जा सकता है।

### ज्योति कलश विसर्जित



**डोंगरगढ़।** ज्योति विसर्जन के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी एवं कांग्रेस नेत्री संध्या देशपांडे ने शोभायात्रा में शामिल होकर मनोकामना ज्योति कलश उठाया।

## तीन चरणों में पूरा होगा राज्य सरकार का अभियान

# सुशासन तिहार 11 तक, होगा जन समस्याओं का निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य सरकार के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में सुशासन तिहार की आज शुरूवात हुई। यह आयोजन आगामी 11 अप्रैल तक चलेगा। इस अवधि में नगर के 24 वार्ड के लिए शिविर लगेगा। आयोजन को लेकर सोमवार को पालिका सभागार में पार्षदों, कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना ने सुशासन तिहार की जानकारी दी। श्री भारती ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### एक माह चलेगा अभियान

सुशासन तिहार के तहत शिविर लगाकर लोगों से मांग व शिकायतों को फार्मेट में लिया जाएगा। आवेदन लेने की प्रक्रिया 11 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। वहीं तीसरा चरण 5 से 31 मई तक चलेगा। इस दौरान वार्डवार समाधान शिविर आयोजित होंगे। सभी पार्षदों से आयोजन की जानकारी वार्ड के अंतिम व्यक्ति को देने का आव्हान पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने किया। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित व्यक्ति शिविर में आवेदन दे सकता है।

### गांव और वार्डों में लगेंगे शिविर



### इन स्थानों पर लगेंगे शिविर

आगामी 11 अप्रैल तक सभी वार्ड में शिविर लगाएं जाएंगे। वार्ड नंबर 1 एवं 24 का शिविर निषाद धर्मशाला में लगेगा। वार्ड दो व तीन का लोधी धर्मशाला, वार्ड 4, 5, 6 का आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन, वार्ड 7, 8, 9 का प्राथमिक शाला बधियाटोला, वार्ड 10 का शाला नंबर तीन, वार्ड 11, 12 का नगर पालिका कार्यालय, वार्ड 13, 14, 15 का बुधवारी पारा, वार्ड 16 का साहू धर्मशाला, वार्ड 17, 18, 19 का बाल मंदिर तथा वार्ड 20, 21, 22 व 23 का कृषि उपज मंडी परिसर में शिविर लगेगा।

### ग्रामीणों से लिया जा रहा आवेदन



**सड़क अतरिया।** राज्य सरकार विकास की गति को तेज करने तथा केन्द्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ दिलाने के लिए सुशासन तिहार मना रही है। पहले चरण में ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों से समस्याओं का आवेदन जमा लिया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में पेटी रखा गया है जिसमें ग्रामीण निर्धारित प्रारूप में आवेदन दे सकते हैं। यह प्रक्रिया आगामी 11 अप्रैल तक चलेगी। शिविर में कुछ ग्रामीणों की समस्या का समाधान मौके पर ही हो रहा है। सड़क अतरिया पंचायत में पटवारी रविचन्द्र नेताम, रोजगार सहायक महेश्वरी यादव को शिविर की जिम्मेदारी सौंपा गया है। शिविर के शुभारंभ मौके पर सरपंच सोनम वैष्णव, उपसरपंच धनेश जंघेल, पंच लीलाबाई जंघेल, संतोषी जंघेल, मिथला जंघेल, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मेलन बाई मेरावी, लीलाबाई, कल्पेश कुमार, कुमारीबाई यादव, संगीता निर्मलकर, अश्वनी वैष्णव, उत्तर कुमार जंघेल, हिमाचल मानिकपुरी, गोपाल, किरण सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## विश्व नवकार दिवस आज महावीर जन्म कल्याणक कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बुधवार को विश्व नवकार दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण की भावना के साथ सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार मंत्र का जाप किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन श्री वर्धमान ओसवाल भवन परिसर में रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण नवकार मंत्र को णमोकार मंत्र, नमस्कार मंत्र या पंच परमेष्ठि नमस्कार मंत्र भी कहा जाता है। इस मंत्र को अनादि और अक्षयस्वरूपी माना जाता है। यह एक ऐसा मंत्र हैं जिसका कोई रचयिता नहीं है। इस मंत्र में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु को नमस्कार किया जाता है। इसे लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, जो लौकिक और लोकोत्तर दोनों को सिद्ध करता है। विश्व व्यापी आयोजन के तहत कल बुधवार को शहर में भी नवकार दिवस मनाया जाएगा। श्री वर्धमान स्थानक भवन में सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार मंत्र का जाप होगा। शाम 7.30 बजे से संस्कार मंडल की प्रस्तुति जैन भवन में होगी।

### कल महावीर जन्म कल्याणक

आयोजन की कड़ी में आगामी 10 अप्रैल को श्री सकल जैन समाज और श्री महावीर जन्म कल्याणक समिति द्वारा भक्ति के साथ जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह छः बजे श्री ओसवाल स्थाक भवन से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। सुबह 8 बजे शोभायात्रा निकलेगी। शाम को 7.30 बजे से जैन भवन में सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। आयोजको ने सभी से शामिल होने का आह्वान किया है।

### मवेशियों की प्यास बुझाने की पहल

**डोंगरगांव।** गर्मी के दौर में मूक पशु पक्षियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए श्री नंदेश्वर गौशाला के गौ सेवकों चौक चौराहे में कोटना रखने की पहल की है। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने विभिन्न जगहों पर इसकी शुरूवात की। इस दौरान गौशाला संयोजक सिद्धम चोपड़ा, ललित यादव, रूपेश यादव, भूपेन्द्र रावते, छोटू पटेल आदि मौजूद थे।



## छुईखदान में बेहतर उपचार सुविधा

### कान्फ्रेंस में शामिल होकर लौटे डॉक्टर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अंतरराष्ट्रीय कोलो प्रोक्टो लॉजी कॉन्फ्रेंस में डॉ एमजी तिवारी शामिल हुए। इस आयोजन में विश्व के जाने माने सर्जनों ने सर्जरी के टिप्स दिए। सर्जरी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन एक्जीबिशन और कॉन्फ्रेंस का आयोजन करता है। इस बार यह आयोजन केरल के कोचीन में किया गया था। कॉन्फ्रेंस में जर्मनी के प्रसिद्ध सर्जन डॉ ब्लमबर्ग क्यूबेक हमबर्ग शामिल हुए। उन्होंने सर्जरी के नई पद्धति से डाक्टरों को अवगत कराया। मोरोक्को की डॉ आस्मिर एल कादिर ने महिला सर्जरी की नई टेक्नीक की जानकारी दी। इसी प्रकार रसिया के डॉ हरमन केशफर ने नई सर्जरी को लेकर व्याख्यान दिया। कॉन्फ्रेंस में विश्व के 30 सर्जन शामिल हुए। हरियाणा के डॉ गर्ग ने सर्जरी को लेकर कहा कि अब इलाज के तरीकों में बहुत बदलाव आ गया है। हमे डाक्टरों से सहयोग और टिप्स लेते रहना चाहिए जिससे सर्जरी



### पथरी का आपरेशन मिनटों में

डॉ तिवारी ने बताया कि अब पथरी का इलाज मिनटों में होगा और मरीज को परेशानी नहीं होगी। यह सुविधा क्षेत्रवासियों को मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पर लोगों ने श्री तिवारी को बधाईयां दी है।

### क्षेत्रवासियों को मिलेगा फायदा

कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के बाद नगर पहुंचे डॉ एमजी तिवारी ने बताया कि छुईखदान क्षेत्रवासियों को नई चिकित्सा प्रणाली का लाभ मिलेगा। नई टेक्नीक से बगैर चीरा लगाए बवासीर, फिशर, भगदंर का इलाज दूरबीन पद्धति से किया जा सकता है। इसी प्रकार लेजर पद्धति से यहां फिशर, फिस्चुला, बवासीर का आपरेशन सरलता से इलाज किया जा सकता है, जिसका फायदा क्षेत्रवासियों को मिलने लगेगा। डा तिवारी ने बताया कि योनि से जुड़ी और गर्भाशय के जुड़ी बीमारियों का इलाज भी ऑपरेशन से हो सकेगा।

## नशा नाश की जड़, दूर रहें युवा

- कॉलेज में नशामुक्ति पर सार्थक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी




नवीन शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्रा लक्ष्मी साहू ने कहा कि व्यसन एक दीर्घकालिन स्थिति है जिसमे नकारात्मक परिणामों के बाद भी लोग इसका सेवन करने से गुरेज नहीं करते है।

फलेश्वरी साहू ने बताया कि नशे की लत से स्वास्थ्य, रिश्ते और जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। छात्रा देव्यानी ने बताया नशा एक ऐसा दीमक है जो लोगों एवं समाज को खोखला कर देता है।

हिन्दी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने लोगों को नशा मुक्त करने का संकल्प लेने प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने युवाओं से नशा से दूर रहने का आव्हान किया।

अंत में प्राचार्य डां ठाकुर ने नशा मुक्ति केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र में नशे की लत से लिप्त युवाओं का मनोचिकित्सक, कांउसलर और मेडिकल स्टाफ द्वारा उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक सहायता एवं मजबूत इच्छा शक्ति से नशा से मुक्ति पाया जा सकता है। अंत में प्रतिभागियो को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र देवांगन तथा आभार व्यक्त शुभि जैन ने किया।

### ठेकवा में कर्मा जयंती आज

**सोमनी।** ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती का आयोजन कल 9 अप्रैल को ग्राम ठेकवा में रखा गया है। आयोजन की जानकारी देते हुए ग्राम साहू समाज के अध्यक्ष धर्मेन्द्र हिरवानी ने सामाजिक जनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।



### जिला प्रतिनिधि मिले ग्रामीणों से

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने मंगलवार को मानपुर नाका पहुंच कर ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होने विभिन्न मोहल्ला एवं घरों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। उन्होंने ग्रामीणों से आवास, पेयजल, राशन कार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्या की जानकारी लिया। उन्होंने समस्या के समाधान का अश्वासन दिया। ताम्रकार ने बताया कि मानपुर नवीन सहकारी समिति शुरू होने से मानपुर, जीराटोला, बगदूर, दौजरी तथा चकनार के किसान लाभान्वित होंगे। इस दौरान सरपंच बोधन मेरावी, भीखु हिरवानी, रमेश जंघेल, गिरधर मेरावी सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया रामनवमी

# रानी मंदिर में जन्मोत्सव की धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

चैत्र शुक्ल नवमीं को रियासत कालीन रानी मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जेके वैष्णव ने बताया कि सुबह मंदिर परिसर को सजाकर भजन मंडली ने भजन गाते हुए बाजे गाजे, शंखध्वनि, घंटा ध्वनि आतिशबाजी कर जन्मोत्सव मनाया। सर्वप्रथम 12 बजे आरती कर रामायणपाठ किया गया। इस मौके पर पुड़ी, गुराम, हल्वा, खीर पंजरी, पंचामृत, मिठाई, मेवा फल का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेके वैष्णव ने राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे सहस्त्रनाम ततुल्यं श्री रामनाम वरानने मंत्रजप पाठ की महत्ता बताया। इस अवसर पर अनिल पुजारी, सुप्रिया सचिन महोबिया, नेहा मुकेश महोबिया, दिनेश, योगेश महोबिया, लाल सूर्याशीष, प्रशांत श्रीवास्तव, जितेन्द्र देवांगन, शिवेन्द्र किशोर दास, संजय लल्ला, दीपक यादव, जितेन्द्र किशोर वैष्णव, गणेश वैष्णव, पूजा रीनू महोबिया, संध्या महोबिया, भारती, चन्द्रकला, निशा नामदेव, कविता पिंकी राजपूत, लतारानी वैष्णव, सत्या सोनी, आयुषी तिवारी, बिट्टी बन्नो नामदेव सहित अन्य मौजूद थे। इसी कड़ी में छोटे जमात राम मंदिर में रामावतार पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया।

### मातृशक्ति परिषद् ने मनाया राम जन्मोत्सव

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला कार्यकारिणी ने श्रीराम नवमी के अवसर पर पूजा अर्चना एवं भजन का आयोजन किया। ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला सचिव स्वाति शर्मा ने बताया कि रियासतकालीन श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम का जयकारा लगाते हुए पूजा-अर्चना किया गया। श्रीराम दरबार के श्रृंगार पूजन के बाद प्रसाद भोग लगाया गया। संगठन की बहनों ने भजन प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष बिंदु तिवारी एवं मंदिर के पुजारी पं.मनोज चौबे ने बताया कि राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था किया गया था। आयोजन में शैल शर्मा, अर्चना दुबे, सरिता शर्मा, रेणु चौबे, रेणु त्रिपाठी, अंजू तिवारी, श्रद्धा तिवारी, सीमा मिश्रा, कविता मिश्रा, अंजू पांडेय, निर्मला, कमला, धात्री, आशा, शैल त्रिपाठी सहित अन्य शामिल हुई।

# मीना बाजार में बेजा वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




नवरात्र के दौरान लगे मीना बाजार का जमीन आबंटन की प्रक्रिया और मीना बजार के संचालन पर सवाल उठ रहे है। नवरात्रि के बाद भाजपा के जनप्रतिनिधियो ने अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस के साथ बैठक कर एक दिन अतिरिक्त मीना बजार के संचालन की अनुमति दिलाई थी। बताया जा रहा है कि पालिका ने मीना बजार के लिए जो जगह आबंटित किया था उसके एवज में जितनी राशि ली गई है उससे कही अधिक राशि कमीशन के तौर पर लिया गया है जिसके चलते मीना बाजार संचालक ने नियम को नजर अंदाज कर 30 के बजाए 50 से 60 रूपए तक लोगों से वसूल किया। वहीं इस दौरान दर्शनार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायतें भी सामने आई है। इस दौरान मारपीट, गाली गलौच और चाकूबाजी जैसी घटना भी हुई। जानकार बताते है कि मीना बजार में लगे स्टॉलो में लाखों का व्यवसाय हुआ है किन्तु टैक्स अदा नहीं किया गया। इस मामले में सीएमओ सीके शर्मा ने को बताया कि मीना बजार का ठेका विधिवत दिया गया था। मीना बाजार संचालक ने क्या गलत किया है यह संबंधित विभाग के अधिकारी देखेंगे।



## खबर संक्षेप



### रामनवमी कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**डोंगरगढ़।** आंध्र समाज के अध्यक्ष संतोष राव के नेतृत्व में रामनवमी पर्व को काफी उल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन बीते 53 वर्षों से निरंतर जारी है। पिछले 6 वर्षों से यह कार्यक्रम केदारबड़ी स्थित राम मंदिर में मनाया जा रहा है। रामनवमी के मौके पर 2000 से अधिक लोगों के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था आंध्र समाज द्वारा किया जाता है। इस दौरान समाज की नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पार्षद डी एकेस राव, विनायक राव पार्षद शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगर, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, हरविंदर एस मंगे, प्रकाश बिंदल मौजूद थे।

### जनपद में समितियों का गठन



**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत में विभिन्न समितियों का गठन करते हुए जनपद सदस्यों को सभापति और सदस्य नियुक्त किया। जिला भाजपा के निर्देशानुसार पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू की उपस्थिति में विधिवत जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रक्रिया में कांग्रेसी जनपद सदस्य भी शामिल हुए किन्तु किसी ने दावेदारी नही की। लता अजय सिन्हा को सामान्य प्रशासन, हीराराम वर्मा शिक्षा स्थाई समिति, तामेश्वर साहू कृषि स्थाई समिति, सुरेश वर्मा संचार तथा संकर्म स्थाई समिति, सरिता मंडावी सहकारिता, उद्योग स्थाई समिति, उमेश साहू स्वच्छता एवं ग्राम बिहान स्थाई समिति, सीमा साहू महिला बाल विकास, समाज कल्याण, थनवर मंडावी वन एवं प्रौद्योगिकि, प्रतिभा खरे राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन समिति में सभापति बनाया गया है। इस मौके पर उपस्थित जनपद सदस्यों सहित समर्थको ने उन्हे बधाई दी। इस दौरान लाल बहादुर मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, लक्ष्मी नरायणा वर्मा, मुरली गेडाम, परविंदर सिंग मोंटी, अनिल सिन्हा, प्रिंस कक्कड, छबिलाल साहू, अमर साहू, जाफर भाई, दुर्गा प्रसाद राव सहित अन्य मौजूद थे।

## शिविर में सार्वजनिक और व्यक्तिगत समस्याओं की शिकायत

# सुशासन तिहार में पहले दिन ही सैकड़ों आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र के 51 वार्ड में सुशासन बिहार का आयोजन करते शिविर लगाया गया है। इस शिविर में वार्ड के नागरिक सार्वजनिक और व्यक्तिगत समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। पहले दिन ही इसमें सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए।

राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र सहित जिलेभर में जनता की समस्याएं सुनने और उसके समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से जनता से शिकायत आवेदन लेकर उसके त्वरित निराकरण की व्यवस्था बनाई गई है। नगर निगम क्षेत्र में आज से सुशासन तिहार की शुरूआत हुई है। जिसके माध्यम से 8 से लेकर 11 अप्रैल तक वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



### पेयजल और सफाई के मामले

सुशासन त्यौहार के तहत आयोजित शिविरों में ज्यादातर पानी, सफाई और आवास के मामले को लेकर लोगों ने आवेदन किया है। वहीं कुछ व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से भी अवगत कराया है।

### सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन

नगर निगम द्वारा निर्धारित समय तक वार्डों में शिविर लगाया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति शिकायत आवेदन नहीं लिख सकता है, तो उसके लिए आवेदन लिखने की व्यवस्था भी की गई है।

### गोपनीय शिकायत की व्यवस्था नहीं

शहर के सभी वार्डों में लगे शिविर स्थल पर शिकायत आवेदन के लिए पेटी भी लगाई गई है, लेकिन इन पेटियों में ताला नहीं लगे होने के चलते लोग अपनी शिकायत नहीं कर पा रहे हैं। कई बार वार्ड में किसी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किए जाने को लेकर शिकायत रहती है। ऐसे में गोपनीय शिकायत के माध्यम से जानकारी निगम प्रशासन तक पहुंचती है, लेकिन शिविर में इस तरह की व्यवस्था नहीं दिख रही है।

### सात सौ से अधिक आवेदन

सुशासन तिहार के तहत पहले दिन ही नगर निगम को थोक के भाव में आवेदन प्राप्त हुए हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में लगे शिविर के माध्यम से 729 आवेदन आए हैं। वहीं सर्वाधिक आवेदन वार्ड नंबर 31 और 33 में प्राप्त हुआ है। वहीं वार्ड नंबर 14 और 16 से एक भी आवेदन नहीं आए।

### तीन चरण में आयोजन

तीन चरण में आयोजित इस तिहार के प्रथम चरण में शिविरों के माध्यम से आवेदन लिए जा रहे हैं। दूसरे चरण में लगभग 1 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा एवं तीसरे व अंतिम चरण में 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविर आयोजित होंगे।

# राष्ट्रीय युवा उत्सव में विवि ओवरऑल द्वितीय चैम्पियन

## नोएडा स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में इंदिरा कला संगीत विवि के 29 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन कर 18 विधाओं में पुरस्कार प्राप्त कर ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही दृश्यकला कैटेगरी में ओवरऑल फर्स्ट रैंक और डांस कैटेगरी में ओवरऑल सेकंड रैंक हासिल किया है।

छात्र कलाकारों ने कुल चार विधाओं में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है जिसमें शास्त्रीय नृत्य कथक में हिमाश्री दास, सुगम संगीत गायन एकल में प्रभा रामटेके, क्ले मॉडलिंग में राहुल रूंजे व रंगोली में गुलशन साहू शामिल है। पांच विधाओं में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है जिसमें शास्त्रीय गायन में ऋष कुमार, पाश्चात्य वाद्य वादन में मानस कमल, इंस्टालेशन में राहुल रूंजे, प्रियांशु निरंजक, आनंद खंडेलवाल, गिरीष दास, फोटोग्राफी में रितेश डड़सेना व कार्टूनिंग में प्रियांशु निरंजक शामिल हैं वही पांच विधाओं में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया जिसमें शास्त्रीय वाद्य वादन में मानस व मयंक, कोलाज में गुलशन साहू, लोकनृत्य में खेमलाल श्रीवास, खुशी वर्मा, जीतू राम वर्मा, ढेरू, नम्रता कंवर, वंदना, सुमन बीरवंशी, खगेश, खिलेश, निषा जंघेल, करन कुमार, ऑन स्पॉट पेंटिंग में कनक खंडेलवाल तथा रैली प्रतियोगिता शामिल है। एक विधा में चौथा स्थान मिला जिसमें समूह गायन शामिल है उसकी प्रस्तुति प्रथा रामटेके, किशन प्रकाश, ऋभ प्रकाश, प्रिया कुमारी, मोनिका निराला, डेविड किसपोट्टा

### कला का शानदार प्रदर्शन

नेशनल लेबल की स्पर्धा मे अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए संगीत विवि के विद्यार्थियों ने ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम भी गौरान्वित किया है। राष्ट्रीय युवा उत्सव कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ टीम मैनेजर जगदेव नेताम व गुंजन तिवारी रहे। विद्यार्थियों के उल्लेखनीय उपलब्धि पर कुलपति सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल सहित समस्त अधिष्ठाता, अधिकारी कर्मचारी सहित विवि परिवार के अन्य सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी है।

# दुर्ग की घटना पर जमकर आक्रोश

- कांग्रेस ने जलाया मुख्यमंत्री का पुतला, गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस वारदात की कड़ी निंदा करते कांग्रेसजनों ने प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन करते गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक में प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध और महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हो रहे दुष्कर्म के मामले को लेकर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं शहर के जयस्तंभ चौक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला जलाया।

### प्रदेश में बढ़ रहा अपराध

पुतला दहन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि 6 वर्षीय बच्ची के साथ हुई इस घटना से हृदय दहल गया है। प्रदेश सरकार अपराधियों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहा है।



### प्रदेश में महिला सुरक्षित नहीं

महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा व पूर्व महापौर हेमा देशमुख सहित शारदा तिवारी, विभा साहू, कुसुम दुबे, रोशनी सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में बुजुर्ग महिला से लेकर छोटी बच्चियां तक सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध के मामले लगातर बढ़ रहे हैं। नवरात्रि में देवी स्वरूपा बच्ची के साथ दुष्कर्म हो रहा है, उसकी हत्या हो रही है तो प्रदेश के गृहमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी

कांग्रेसजनों ने बच्ची के साथ हुई इस घटना के मामले में मुख्यमंत्री का पुतला बनाकर स्थानीय कांग्रेस भवन से रैली निकाली और जयस्तंभ चौक में पहुंचकर पुतला दहन करते प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### नहीं रोक पाई पुलिस

शहर के जयस्तंभ चौक पर कांग्रेसजनों ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर दिया। इस दौरान महज दो-तीन पुलिस वाले ही मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेसजन मुख्यमंत्री का पुतला जलाने में सफल हो गए। पुतला दहन के अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, महेंद्र यादव, रूपेश दुबे, अमित चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को शाम 5 बजे मुख्य तिरंगा चौक में प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। उक्त कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कांग्रेस कमेटी ने दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओम नगर में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार और हत्या की जघन्य घटना तथा प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

पुतला दहन के दौरान कांग्रेसियों ने परिवार को न्याय दिलाने और राज्य की कथित लचर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि भाजपा कार्यकाल में अपराध बढ़ा है। आज महिलाएं असुरक्षित है महज 6 साल के बच्ची के साथ रेप किया गया और उसे मार दिया गया है। शासन निरंकुश है किसी भी प्रकार की राहत नही मिल रही है।जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है शांति प्रिय छत्तीसगढ़ में अपराध बढ़ा है। गिरोधपूरी, लोहारिडीह और अभी वर्तमान में दुर्ग का मामला इसका ताजा उदाहरण है फिर भी सरकार सोई हुई है। जो भी सरकार के खिलाफ जाता है उस पर दमनकारी नीति अपनाते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो भेज दिया जाता है। हमने मासूम बच्ची को न्याय दिलाने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन किया है। कैंडल जलाकर बच्ची की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया है। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, भिगेश यादव, विजय वर्मा, मन्नू चंदेल, संजु चंदेल, साकेत दुबे, बाके वर्मा, मोहम्मद खान, बालक दास, कोमल साहू, रामकुमार पटेल, टीकम साहू, शैलेन्द्र जायसवाल, अमन सोनी, अरमान खान, तामेश्वर साहू, शैलेन्द्र दुबे, क्रांति ताम्रकर, नारायण चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में

# भक्तिमार्ग ही सर्वसुगम : धामेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टेट हाईस्कूल मैदान में जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के पंद्रहवें एवं अंतिम दिन देवीजी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाणों सहित बताया कि भगवद् प्राप्ति के 3 मार्गों को प्रशस्त किया गया है कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग। भगवद् प्राप्ति के तीनों मार्गों में केवल भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम, सर्वसाध्य एवं सर्वश्रेष्ठ मार्ग है।

प्रथम दो मार्गों का संक्षेप वर्णन कर बताया कि कर्म मार्ग में कर्मकांड की वेदों में घोर निंदा भी की गई है। इसका कारण यह बताया कि कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति होती है, लेकिन स्वर्ग भी क्षणभंगुर है मायिक है। कर्मकांड करना घोर मूर्खता है, इस मार्ग के कड़े नियमों का सही-सही पालन न करने वाले यजमान का नाश हो जाता है, परंतु ज्ञान मार्ग पर चलना भी कलयुग में बहुत मुश्किल है, क्योंकि उसमें अधिकारी होना चाहिए। संसार से पूर्ण विरक्त व्यक्ति ही ज्ञान मार्ग में अधिकारी बनेगा और दूसरी बात ज्ञानी भगवान की शरण में नहीं जाता है और नियम ये है कि सगुण साकार भगवान के शरणागत होने पर ही मायानिवृति हो सकती है। ज्ञानी का ज्ञान मार्ग में बार-बार पतन होता है। जिसकी रक्षा करने वाला न भगवान होता है न गुरु ही होता है।

### भक्तिमार्ग बड़ा सरल

हमारे वेदों में भक्ति से युक्त कर्म धर्म की प्रशंसा की गई है और भक्ति से रहित कर्म धर्म निंदनीय बताया गया है। भक्ति मार्ग बड़ा सरल है, क्योंकि इसमें सभी अधिकारी हैं और भक्ति में कोई नियम नहीं है कि कैसे भक्ति करो, कर्म आदि में तो नियम है। विधि-विधान होना, सही-सही कम्पलसरी है। भक्ति मार्ग में बस इतना ही नियम है कि कामना शून्य भक्ति होनी चाहिए यानी निष्काम और अनन्य हो। राधा-कृष्ण की भक्ति निष्काम होकर करनी होगी। महापुरूषों द्वारा तत्वज्ञान प्राप्त कर उनके अनुगत होकर भक्ति करना ही भक्ति की विशेषता है। भक्ति सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि भक्ति करने से अंतःकरण शुद्ध होता है। अंतःकरण शुद्धि पर गुरु द्वारा दिव्य इंद्रिय मन बुद्धि प्राप्त होते हैं, तभी भगवान का दर्शन, उनका प्रेम, उनकी सेवा मिलती है। भगवद् प्राप्ति के बाद भी भक्ति बनी रहती है और यह भक्ति उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। इस प्रकार भक्ति अजर अमर है। भक्ति मार्ग में भगवान श्रीकृष्ण का प्रेमानंद या ब्रजरस मिलता है, सर्वोच्च रस ब्रजरस ही है। जिसकी महिमा सभी संतों ने बताई है, इसलिए भगवद् प्राप्ति के लिए भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम और सर्वश्रेष्ठ है। प्रवचन का समापन श्री राधा-कृष्ण भगवान एवं जगद्गुरु कृपालु महाराज की भव्य आरती के साथ हुआ।

### कर्मा जयंती 10 को

**ठेलकाडीह।** परिक्षेत्रीय साहू समाज भैंसातरा के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 10 अप्रैल को रखा गया है। इस दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता तहसील साहू संघ के अध्यक्ष मंथीर साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य किरण बारले, जनपद सदस्य गीतालाल नागपुरे, सरपंच अंजनी वर्मा, दयालसिंह साहू, हीरेंद्र साहू, नूतन साहू, पार्वती साहू, कल्पना साहू, लोमेश साहू, भेनेश्वरी साहू, लक्ष्मी कोसरे, अश्वनी साहू सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।



# प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशील होना होगा : रमन

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह आज अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय में जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। राजनांदगांव पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने दुर्ग जिले में 6 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर कहा कि जहां घटनाएं हो रही है, वहां के प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर ऊपर तक के लोगों को संवेदनशील होना होगा। राजनांदगांव के भंवरमरा निवासी युवक दुर्गेश कठोलिया की पुलिस कस्टडी में मौत मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवाल पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जो भी पुलिस कस्टडी में मौत होती है, उसकी जांच अवश्य होती है। इसमें मांग की जरूरत नहीं है, जो भी संदेह अगर है तो उसका निराकरण होगा।

### सुशासन तिहार अभिनव पहल

सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह मुख्यमंत्री की बड़ी कार्य योजना है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से राजस्व मामलों से लेकर सभी समस्याओं को सुनने पूरे प्रदेश में 3 दिन तक आवेदन लिए जा रहे हैं और इसके निराकरण के लिए एक माह का वक्त दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदनों के निराकरण के बाद में मई माह में मुख्यमंत्री विभिन्न गांव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। वहीं शाम को मीटिंग करके समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि कहां कमी रह गई है, इसकी समीक्षा होगी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह हमारे ग्राम स्वराज अभियान का स्वरूप है और मुख्यमंत्री का शानदार प्रयास है। इस शिविर के माध्यम से आम आदमी की समस्या के निराकरण के लिए सफलता मिलेगी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों ने कलेक्टर को किया प्रभावित

# पोषण पखवाड़ा का आगाज, स्वच्छता अपनाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भारत सरकार द्वारा पोषण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में शुरू किए गए पोषण अभियान के अंतर्गत आज से पोषण पखवाड़ा का सातवां संस्करण प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्र मांडिंग पीडिंग, धेनु एवं कटेंगाटोला में आयोजित पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ कर उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा किया। कलेक्टर ने केंद्रों में उपस्थित गर्भवती महिला लिकेश्वरी मंडावी, अमृता कोवाची, उत्तरा यादव और ललेश मंडावी का गोदभराई संस्कार कर उन्हें संतुलित आहार लेने, नियमित जांच कराने तथा स्वच्छता अपनाने की सलाह दी।

### महिलाओं से रूबरू चर्चा

कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के संबंध में गर्भवती महिलाओं एवं अन्य हितग्राहियों से चर्चा किया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली आर्थिक सहायता का उद्देश्य महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, स्वास्थ्य जांच और समुचित देखभाल सुनिश्चित करना है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित किया कि वह मिलने वाली राशि का उपयोग स्वास्थ्यवर्धक भोजन, आवश्यक पोषक तत्वों एवं नियमित स्वास्थ्य जांच करें ताकि माँ और शिशु दोनों स्वस्थ रहें।

### सबको मिले संतुलित आहार

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा हर बच्चे को संतुलित आहार मिलना चाहिए। पोषण पखवाड़ा इस दिशा में एक सार्थक पहल है, जो जन जागरूकता और भागीदारी से कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करता है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा, जिला पोषण समन्वयक एम्स, पर्यवेक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।



### बच्चों ने किया कविता पाठ

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की बच्चियों और बच्चों ने कलेक्टर को मधुर कविताओं और देशभक्ति गीतों से मंत्रमुग्ध किया। बच्चों ने देश भक्ति और खालो बेटा मूंगफली जैसी प्यारी कविता सुनाकर न केवल माहौल को आनंदमय बना दिया बल्कि यह भी दिखा दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षा के साथ संस्कारों का भी संचार हो रहा है। कलेक्टर ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा छोटे बच्चों में देशप्रेम और अभिव्यक्ति की कला देखकर हृदय प्रसन्न हो गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला**
**क्रमांकः 202504093100001**
मामले की श्रेणीः- राजस्व
विषयः- ब-121 सन 2024-2025
बांकल (प ह न. 00002),
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार - महेश कुमार साहू,
अनावेदक पक्षकार -

**// ईशतहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, महेश कुमार पिता मंथिर राम जाति साहू निवासी ग्राम बांकल तह. डॉगरगांव जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बांकल प.ह.नं. 02 रा. नि. मं. तुमड़ीबोड़ तह० डोंगरगांव जिला राजनांदगांव स्थित भूमि ख.नं. 778/2 रकबा 0.1100 हे. एवं खसरा नं. 394/4 रकबा 0.0560 दर्ज व स्थित है। जिसका किसान किताब गुम हो जाने के कारण किसान किताब की द्वितीय प्रति बनाने हेतु शपथ पत्र की प्रतिलिपि, बी-1 की नकल, चालान, बैक का नो-ड्यूस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पुलिस चौकी में दिये गये आवेदन कि प्रतिलिपि के साथ, आवेदन प्रस्तुत किया है।

जिसके प्रकरण कि सुनवाई तिथि 21/04/2025 को न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ में नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो, पेशी दिनांक 21/04/2025 को स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई तिथि 21/04/2025 के उपरान्त प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार किया नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर)
तहसीलदार
डोंगरगांव (छ.ग.)

## सार समाचार

### युक्ती सौ फीसदी अंक लेकर कक्षा में प्रथम

नांदगांव। दीपिका विद्या मंदिर शाला में कक्षा 4थी की छात्रा अयुक्ती




साहू ने 100% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3री का छात्र अरुणित साहू ने भी 91% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया। उक्त छात्र-छात्राएं कुंवरलाल साहू और लक्ष्मी साहू की पुत्र-पुत्री है। दोनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्राचार्य सहित क्लास टीचर तथा माता-पिता के संस्कारों को श्रेय है।

### ासंघ के पदाधिकारियों ने बांटी मिठाई

नांदगांव। पेंड्री (सुकुलदैहान) राजनांदगांव में सदगुरू कबीर साहेब कूल विद्यालय के बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय



अध्यक्ष महंत चुरामणी साहेब व छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता भागवत साहेब ने मिठाई बांटी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि आज स्कूल में शिक्षा तो मिल रहा है, न संस्कार नहीं मिल पा रहा है। इस बात की चिंता जाहिर करते बच्चों समझाएं, विद्यार्थीकाल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी बहुत जरूरी योंकि अच्छे संस्कार से अच्छे समाज का निर्माण होता है। यह कारी अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहू ने दी।

### कल्याण मंडल अध्यक्ष ने सम्हाला पदभार

नांदगांव। ब्राह्मणपारा निवासी योगेशदत्त मिश्र को छत्तीसगढ़ शासन म कल्याण मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शुक्रवार को उन्होंने



रायपुर स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते समय विभागीय अधिकारियों और कर्मियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। श्री मिश्रा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष पद मिलते ही उनके र्कों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। वे लंबे समय से जिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और श्रमिक वर्ग से गहरा जुड़ाव रखते हैं। र ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को नी स्तर तक पहुंचाना और श्रमिकों के कल्याण के लिए योजनाओं का न्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं को और समाधान के लिए समयबद्ध पहल करने का आश्वासन भी ।

श्रा ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात तत्काल ही विधानसभा अध्यक्ष मन सिंह से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। दूसरे दिन देव साय से भेंट मुलाकात की, उनसे विभाग को और अधिक ील बनाने के लिए भविष्य में मदद देने का आग्रह किया।

### लवाल युवा कल्याण संगठन ने मनाया अवतरण दिवस

नांदगांव। रामनवमी अवसर पर खंडेलवाल समाज रत्न संत



शिरोमणि श्रीश्री 1008 संत सुंदरदास महाराज के 429वां अवतरण दिवस पर खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के त्र में केशर नगर स्थित संत जी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना एवं र्पण कर संतश्री के श्री चरणों में नमन किया। तत्पश्चात भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल एवं क कीट का वितरण कर राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण न के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, क खंडेलवाल विशेष आमंत्रित सदस्य देवेश खंडेलवाल, नरेंद्र लवाल, सोशल मीडिया प्रभारी विकास खंडेलवाल, कार्यकारिणी य प्रियांशु खंडेलवाल आदि सदस्यों ने स्वयंसेवक के रूप में मानव -माधव सेवा कर अपने को धन्य किया। कार्यक्रम के प्रभारी शिवम लवाल एवं गौरव खंडेलवाल रहे। उक्त जानकारी युवा कल्याण न के मीडिया प्रभारी निकुंज खंडेलवाल ने दी।

### मान जन्मोत्सव पर निकलेगी मोटर साइकिल रैली

नांदगांव। श्री हनुमान जयंती आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष भी दो नीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 11 और 12 अप्रैल को जित महोत्सव के लिए समिति के पदाधिकारी, सदस्य, आमजन जोर-से जुट गए हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान हनुमान न्मोत्सव के तहत पहले दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे भव्य मोटर कल रैली निकाली जाएगी।

यह मोटर साइकिल रैली शहर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण करते पुनः जन स्थल म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड पहुंचेगी। महोत्सव के दूसरे दिन वार को दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह ायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंचेगी। भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाएगा। महोत्सव के तहत शनिवार निकलने वाली शोभायात्रा में हनुमानजी की भव्य झांकी, बैंडबाजा, , धुमाल, अखाड़ा, राऊत नृत्य, पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य, जस ी मंडली के साथ ही प्रसिद्ध भजन मंडलियों की प्रस्तुतियां होगी। या गया कि महोत्सव की शुरूआत साल 2013 में की गई थी। यह सव श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से साल-दर-साल विशाल हो रहा है। जन समिति ने इस वर्ष भी शहर के श्रद्धालु-भक्तों, समाजसेवी ाओं, सेवा पंडाल लगाने वाले समितियों के पदाधिकारी, माताओं, ं, पुरुष, युवा, बुजुर्गों को अधिक से अधिक संख्या में उक्त आयोजन

### यत्री शिक्षण समिति ने दी श्रद्धांजलि

नांदगांव। गायत्री विद्यापीठ में मंगलवार सुबह प्रार्थना सभागार में



गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर सुरजन व रमेश सुरजन की माता श्रीमती राजादेवी सुरजन का देवलोक गमन 5 अप्रैल को हो जाने पर गहरा दुःख व्यक्त करते विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया। प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि गायत्री परिवार के लिए यह घटना बहुत बड़ी है। इस अवसर राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज ल, सूर्यकान्त चितलांग्या, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित वार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा स्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरणजीत सिंह ा व शिक्षकगण उपस्थित थे।

# 6 करोड़ की लागत से बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एथलेटिक ट्रैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयासों से केंद्र सरकार ने राजनांदगांव में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है।

राजनांदगांव की खेल प्रतिभाओं को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते केंद्र सरकार ने खेलो इंडिया योजना अंतर्गत राजनांदगांव में 4-लेन 800 मीटर के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। इस परियोजना के लिए लगभग 6 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

## विस अध्यक्ष रमन सिंह की पहल पर केंद्र ने दी स्वीकृति

### मिलेगा लाभ : रमन



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह एथलेटिक ट्रैक राजनांदगांव के युवाओं के सपनों को पंख देने वाला कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने हमारी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते यह स्वीकृति प्रदान की।



### अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में होगी भागीदारी

यह स्वीकृति भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के खेल विभाग द्वारा जारी की गई है, जिसे ड रमन सिंह के आग्रह पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया ने स्वीकृत किया है। पूर्व में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्र लिखकर और व्यक्तिगत मुलाकात केंद्रीय खेल मंत्री से इस विषय पर आग्रह किया था। य सिंथेटिक ट्रैक न केवल जिले के युवाओं को आधुनिक खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराएगा, बल्कि ओलंपिक जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए उन्हें सशक्त बनाएगी।

### विस अध्यक्ष रमन मां कर्मा जयंती एवं लोकार्पण समारोह में शामिल

# गांवों में तेजी के साथ कराए जाएंगे विकास काम : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी में आयोजित मां कर्मा जयंती एवं लोकार्पण समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लगभग 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित मां कर्मा भवन का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने डॉ. रमन सिंह ने शेड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए घोषणा की। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मां कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मां कर्मा के भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं उनके पास पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मां कर्मा का आशीर्वाद साहू समाज के लिए संबल और ताकत देता है। उन्होंने कहा कि ग्राम सुरगी के आसपास क्षेत्र में विकास और निर्माण करने के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है।



### सामाजिकजनों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में साहू समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष जीवनलाल साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिभा चंद्राकर, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, कमलकिशोर साहू, जीवनलाल साहू, लीलाधर साहू, नवनीत चंद्राकर, डिलेश्वर साहू, मनोज साहू, आनंद साहू, कृष्णा साहू, सरपंच सुग्रीव साहू एवं साहू समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### सांसद ने की पांच लाख की घोषणा

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भक्त माता कर्मा के बताए हुए रास्ता में समाज चल रहा है। मां कर्मा का भगवान कृष्ण के प्रति अनुराग से भगवान श्रीकृष्ण खिचड़ी खाने आए। उन्होंने कहा कि साहू समाज बहुत ही सरल, सहज, धार्मिक, आध्यात्यमिक समाज है। इसी रास्ते में बढ़ते इस समाज के अनेक बड़े-बड़े राजनीतिक या प्रशासनिक पद के साथ अच्छे व्यापारी और कृषक भी हैं। यह भक्त माता कर्मा के आशीर्वाद से है। सांसद संतोष पांडे ने समाज के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की।

# ड्यूटी को निरस्त कर की मांग, सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने अध्यक्ष हीरालाल मोर्य व सचिव मनीष बडोले के नेतृत्व में तहसीलदार डोंगरगढ़ को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की कि राज्य शासन के पत्र क्रमांक/ 31 दिनांक 04/04/2025 के परिपालन में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन होना है, जिस आदेश में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पहले जो पंचायत प्रभारियों का आदेश जारी किया गया था, उस आदेश में व्याख्याता, शिक्षक एवं प्रधान पाठकों का समन्वय कर ड्यूटी लगाई गई थी, किंतु उसे निरस्त कर संशोधित आदेश में प्राथमिक शाला के समस्त प्रधान पाठकों की ही ड्यूटी लगाई गई है, जो न्यायोचित नहीं है। वर्तमान में अधिकांश प्राथमिक शालाएं एकल ए शिक्षिकीय हैं और कक्षा पहल चौथी तक चार कक्षाओं की व परीक्षा चल रही है। ऐसे में वे प्राथमिक शालाओं से ही कार्यक्रम में ड्यूटी लगाना उ नहीं है। फेडरेशन ने मांग की ह संशोधित आदेश को निरस्त जाए व शिक्षा विभाग के अ अन्य विभागों के अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी भी ल जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मी प्रभारी अमिताम दुफारे, उपाध्यक्ष बंदिश नेमपांडे, प्रवक्ता अमीन कुरैशी, लक्ष्मण भगत, भीखम साहू, लीने वैष्णव, अंजु महलवार, प्रीति बैनकुंवर भुआर्य, चित्र रामटेके, पूर्णिया चंद्रवंशी, मिश्रेकर, चित्ररेखा सोनकातर, यादव उपस्थित थे।

# पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू ने सीएम साय से की मुलाकात



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नए अध्यक्ष बनने के बाद नीलू शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से राज्य के पर्यटन क्षेत्र को और सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं और पहलुओं पर चर्चा की। नीलू शर्मा ने मुख्यमंत्री को प्रदेश के पर्यटन संभावनाओं को बढ़ाने और पर्यटकों को आकर्षित करने कई सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने नीलू शर्मा को उनके नए पद पर बधाई देते राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# कॉन्फ्लुएंस में अतिथि व्याख्यान

राजनांदगांव। कान्फ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग, प्रबंधन एवं कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान द्वारा इंपैक्ट ऑफ ए आई टूल्स इन डेली लाइफ विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसे स्वामी आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय सोमनी राजनंदगांव के अतिथि सहायक प्राध्यापक मुस्तफा अंसारी द्वारा व्याख्यांतित किया गया।

व्याख्यान में श्री अंसारी ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स क्या होता है तथा इनका उपयोग किन-किन क्षेत्रों में किया जा सकता है। उन्होंने ए आई टूल्स के विभिन्न प्रकारों को विस्तारपूर्वक समझाया तथा उनका दैनिक जीवन या शिक्षा के क्षेत्र या अपने किसी व्यक्तिगत कार्य के



लिए कैसे उपयोग किया जा सकता है, समझाया गया। उन्होंने बताया कि कैसे डाटा को सर्च कर सकते हैं, विस्तारपूर्वक लिख सकते हैं, इमेज को कैसे और अच्छा बना सकते हैं, कुछ प्रचलित टूल्स जैसे चैट जीपीटी, कैनवा, जैमिनी के उपयोगिता को बताया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स सामान्य जीवन के अधिक से अधिक क्षेत्रों को प्रभावित करता है। यह विषय विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक एवं उपयोगी रहा।

# कांग्रेस नेता ने की अध्यक्ष से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सालभर इंतजार के बाद संगठन में वाजिब पद और सम्मान नहीं मिलने से नाराज एक कांग्रेसी नेता ने जिलाध्यक्ष और बीच-बचाव करने आए शहर अध्यक्ष के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया।

मिली जानकारी के अनुसार सड़क अतरिया में 7 अप्रैल की रात वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल के यहां वैवाहिक समारोह चल रहा था। कार्यक्रम में क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं के अलावा विधायक यशोदा वर्मा भी अपने पति नीलाम्बर वर्मा सहित मौजूद थी। अचानक रात लगभग 9.30 कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ग ठाकरे को अंकित चोपड़ा ने त जड़ दिया।

इस दौरान खैरागढ़ अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ ब बचाव करने पहुंचे तो अंकि उसके साथ भी हाथापाई हालांकि इस मामले को लेकर में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई ग मामले को लेकर जिलाध्यक्ष ग ठाकरे से संपर्क करने का प्र किया गया, लेकिन उनका बिजी बताता रहा। जबकि अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ मोबाइल बंद था।

# राष्ट्रीय स्पर्धा में राम व तरूण का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुजराती राष्ट्रीय उ.मा. स्कूल के छात्र राम सिंह और तरुण ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 2025 के लिए टीम में अपनी जगह बनाई है। दोनों ही खिलाड़ी स्टेट टीम से खेलकर मैडल जीत चुके हैं। यह चैम्पियनशिप टूर्नामेंट केंद्रीय शासित राज्य पुंडुचेरी में 9 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच होना है। जिसमें दोनों छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राचार्य ने बताया कि इससे पहले भी गुजराती स्कूल के अन्य बच्चे कराते में ब्लैक बेल्ट के साथ नेशनल




चैंपियनशिप जीत चुके हैं। दोनों छात्रों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में संस्था के डायरेक्टर सूरज बुद्धदेव एवं गौरव ठक्कर का विशेष योगदान रहा। संस्था अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव रूपम सोनछात्रा, उपाध्यक्ष पवन पटेल, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल सहित अन्य सदस्य खेलकूद को लेकर हमेशा छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते रहते हैं। दोनों ही छात्रों के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन होने पर संस्था के पदाधिकारियों एवं स्कूल के अध्यापकगण सहित सहपाठियों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी क्रीड़ा प्रभारी सुधा व अनसुईया साहू ने दी।

# दिवंगत शिक्षकों के परिवार को दी अनुकम्पा नियुक्ति

मोहला। शिक्षा विभाग में कार्यरत तीन दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कर एक मानवीय पहल की गई है। यह आदेश कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया द्वारा जारी किया गया एवं तीनों को कलेक्टर द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वालों में दिवंगत शिक्षक राजकुमार भुआर्य की पत्नी श्रीमती प्रतिभा भुआर्य, दिवंगत आत्माराम जुरेशिया के पुत्र सास्वत जुरेशिया एवं दिवंगत शिक्षक देवाराम मंडावी की पत्नी हेमा मांडवी हैं। तीनों को चतुर्थ श्रेणी भृत्य पद पर नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि करमरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता आत्माराम जुरेशिया के निधन के पश्चात मात्र एक माह में उनके पुत्र सास्वत जुरेशिया को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किया जाना विभाग की शीघ्र कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता को दर्शाता है।

# 10 को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव। राज्य शासन के निर्देशानुसार जैनों के 24वें तीर्थकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने क

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्व विभाग को उक्त दिवस पर विक्रय करते पाए जाने पर जब्त करने एवं संबंधित के वि यथोचित कानूनी कार्रवाई क हजार रुपए तक जुर्माना करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने स स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त वि को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यव करने के निर्देश दिए हैं।

# शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद पांडे

राजनांदगांव। रामनवमी अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। सांसद पांडे ने भगवान श्री रामचंद्र की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



रामनवमी अवसर पर राजनांदगांव जिला मुख्यालय में शोभायात्रा निकाली गई। प्रभु श्रीराम की अद्भुत झांकी और शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करने के बाद महावीर चौक में समाप्त हुई, जहां प्रसादी का वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन होता रहा। शोभायात्रा में जनप्रतिनिधि से लेकर समाजसेवी तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ युवा, बुजुर्ग तथा महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल थी।

### कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए सांसद

राजनांदगांव। तहसील साहू संघ कुमरदा परिक्षेत्र एवं ग्राम साल्हे का कर्मा जयंती समारोह साल्हे मन्होरा में 7 अप्रैल को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। सांसद पांडे व अतिथियों ने भक्तमाता कर्मा



की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। सांसद पांडे ने कहा कि दया और करूणा की प्रतीक भक्त माता कर्मा जयंती में शामिल होने का मुझे सौभाग्य हुआ। भक्त माता कर्मा सबके जीवन में सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना किया। इस अवसर पर भोलाराम साहू, भागवत साहू, डॉ. नीरेन्द्र साहू, छन्नी चंदू साहू, नीलमणि साहू, किरण वैष्णव, किरण साहू, हेमंत साहू, भुनेश्वर साहू, विभा साहू, देवकुमारी साहू, गोपाल भुआर्य, संजय सिन्हा, मदन साहू, भेष साहू, हिरेन्द्र साहू, हिरदेराम देवांगन, दयालदास साहू आदि को आमंत्रित किया गया था।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tou
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त
11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दि

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीर जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% G

Since-20

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समि

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### शिवपुर-पोलमी में हर्षोल्लास से मनाया गया नवरात्रि पर्व

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** पूरे भारत वर्ष मे चैत्र नवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाता है, जहां भक्तों द्वारा देवी मंदिरों मे दर्शन व पूजा अर्चना करने के लिए भारी भीड़ देखने को मिल रहा है और भक्तों द्वारा मनोकामना जोत ज्वांरा स्थापना किया जा रहा है। वहीं इस चैत्र नवरात्र में ग्राम शिवपुर-पोलमी में शिव परिवार द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जोत ज्वारा स्थापना किया गया जो कि 03 अप्रैल गुरूवार को किया व 07 अप्रैल सोमवार को पंचमी पर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। साथ ही साथ 10 अप्रैल गुरूवार को महाअष्टमी व 11 अप्रैल शुक्रवार को ज्योत ज्वांरा विसर्जन किया जाएगा। माता रानी की सेवा में पण्डा रामशिव माता की सेवा लगे हुए है। जिससे आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति की सराहनीय पहल

**कोलेगांव।** हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति द्वारा जन-कल्याण व जनहित के लिए कार्य कर रही है। वहीं विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कुण्डा निवासी स्व नकुल पाण्डेय परिवार को हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति ने सराहनीय पहल व जनहित के लिए पाण्डेय शोकाकुल परिवार को 1 नग टिन तेल प्रदान कर मानवता का परिचय दिया। साथ ही साथ समिति द्वारा यह संदेश व जन-जागरूक किया कि हमें अपने जीवन में दान करते रहना चाहिए, दान कभी भी व्यर्थ नही जाता है प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में दान करते रहना चाहिए चाहे वह शिक्षा के लिए हो या धार्मिक अथवा सामाजिक जन कल्याण हित के लिए हो इसी पहल के साथ हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण सेवा समिति की सराहनीय पहल की। वहीं पर्यावरण संरक्षण व संतुलन बनाए रखने के लिए जल संरक्षण, पौधरोपण, वायु प्रदूषण की रोकथाम तथा स्वच्छता अभियान के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है।

### बोरसी में अतिक्रमण दस्ते के साथ जमकर हंगामा

**दुर्ग।** शहर के बोरसी वार्ड में अतिक्रमण हटाने गए नगरनिगम के दस्ते को विवाद का सामना करना पडा। इस दौरान विरोध में उतरी महिलाएं जहां सडक पर बैठ गई, वही कुछ लोग छत से गैस सिलेंडर नीचे फेंकने का प्रयास करते रहे। ऐसे में नगरनिगम के दस्ते को वापस लौटना पडा। वही मौके पर पुलिस बल भी गिनती के थे। ऐसे में निगम अमला कुछ नही कर पाया। भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान ने बताया कि, हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने गए थे। लेकिन महिलाएं जेसीबी के सामने सडक पर लेट गई। ऐसे में उन्हे 48 घंटे का समय देकर टीम वापस लौट गई।

**बैठक:** यातायात व्यवस्था सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश

# पुलिस अधीक्षक व नपाध्यक्ष की संयुक्त बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर में अवैध कब्जा, अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के लिए आज पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कवर्धा शहर की यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सिंग्नल प्वाईंट, शहर के गार्डनों की सुरक्षा, चौक-चौराहो पर सीसी टीवी कैमरा सहित अन्य पुलिसिंग व्यवस्था पर चर्चा हुई। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार बघेल, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू उपस्थित थें। बैठक का उद्देश्य शहर से गुजरने वाले सड़क के किनारे अवैध कब्जों को व्यवस्थित करने तथा अव्यवस्थित खड़े वाहनों को निर्धारित स्थान पर पार्किंग कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाली गतिविधियों को समाप्त करना है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क के किनारे अव्यवस्थित वाहन पार्किंग ना कर निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्किंग करें, शहर की सफाई और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस विभाग व नगर पालिका इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेगा और किसी भी अव्यवस्था को दूर करने के लिए त्वरित कार्यवाही करेगा। उन्होनें वाहन मालिक एवं शहरवासियों से इस मुहिम में सहभागी बनने की अपील की और कहा कि यह कदम शहर के सुव्यवस्थित शहर व समुचित विकास के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्होंने जिले के बस और ट्रक मालिकों से अनुरोध किया कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### अवैध कब्जों को लेकर होगी सख्त कार्यवाही



बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में हो रहे सड़क किनारे अवैध कब्जे और यातायात में बाधा डालने वाली गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए कड़ी कार्यवाही की जाएगी, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और निर्बाध यातायात की सुविधा मिल सके। साथ ही सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने और लोगों के लिए एक बेहतर शहरी वातावरण प्रदान करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और अवैध कब्जों को समाप्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

#### बस स्टैण्ड की व्यवस्था सुधारने दिए आवश्यक निर्देश

बैठक में बस स्टैण्ड में खड़ा होने वाले अनावश्यक वाहनों को तत्काल हटाए जाने हेतु निर्देशित किया। बस स्टैण्ड में अनावश्यक बस खड़ा होने से साफ-सफाई ठीक ढंग से नही हो पाता तथा बस के पीछे अवैध कार्यो को अंजाम दिया जाता है, जिससे अपराध बढ़ता है, बैठक में बस मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वाहनों को तत्काल हटावें, नंबर आने पर ही वाहनों को बस स्टैण्ड में प्रवेश कराएं, अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

#### अवैध कार्यो के खिलाफ कार्यवाही करने बनेगी टीम

पुलिस अधीक्षक व नगर पालिका अध्यक्ष संयुक्त टीम बनाने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे नशा का सेवन करने से बचें। समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने और बच्चों को नशे से बचाने के लिए हम सबको प्रयास करना होगा। छोटे बच्चों को नशे से दूर रखना और नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज में सामूहिक प्रयास किए जाना होगा। नशा के कारण ही अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, नगर पालिका अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से अपील किया कि ऐसे स्थानों पर पेट्रोलिंग लगातार कराया जाए व अपराधिक गतिविधियों में लिप्त किसी भी को ना बख्शा जाए, ताकि लोगों को अनैतिक कृत्य करने वालों में खौफ बना रहे। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करके एक संयुक्त टीम तैयार किया जाए, उक्त टीम द्वारा लगातार कार्यवाही किया जाएगा।



# भाजपा का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 6 से 14 अप्रैल तक प्रदेश भाजपा द्वारा प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहित में संचालित योजनाओं को भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर पहुंचा रहे है। वहीं भाजपा द्वारा रविवार को अपना 46वां स्थापना दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान हर बूथ, हर गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण कर सेल्फी पोस्ट किए साथ ही स्वच्छ भारत अभियान और कार्यकर्ता सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम के तहत भाजपा मण्डल कुण्डा ने सोमवार को विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम सेन्हाभाठा में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के उपस्थित में नुक्कड़ सभा (चौपाल) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जन-समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ था, भाजपा की नींव को भाजपा के पुरोधा स्व अटल बिहारी वाजपेयी एवं लालकृष्ण आडवाणी ने भाजपा की नींव रखी, उन्होंने कहा भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अहम भूमिका है।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के नए युग की शुरुआत कर रहा है, देश के साथ साथ छत्तीसगढ़ राज्य भी ट्रिपल इंजन की सरकार से प्रदेश एवं गांव विकास की पथ पर अग्रसर है। इस दौरान विधायक भावना बोहरा, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, जिलामंत्री सुरेश दुबे, जिलामंत्री ओम यदु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, सोसायटी अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, महामंत्री कृष्णा चंद्राकर, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू, सभापति अश्वनी यदु, सरपंच पुष्पा साहू, उपसरपंच मनहरण साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, गणेश सोलंकी, राजू श्रीवास, रमन खनूजा, मुरली चंद्राकर, सूरज यादव, प्रताप सेन, गणेश यादव, देवेंद्र चंद्रवंशी, जेठू निर्मलकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, किशोर चंद्राकर सहित बड़ी संख्या ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

# रोजगार दिवस पर ग्रामीणों ने जाना अपने अधिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस का आयोजन जिले के वनांचल गांवों से लेकर मैदानी पंचायतों तक व्यापक स्तर पर किया गया। इस अवसर पर निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों एवं ग्राम पंचायत भवन में एकत्रित ग्रामीणों को मनरेगा से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। रोजगार दिवस के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि 1 अप्रैल से मनरेगा के तहत दैनिक मजदूरी दर 261 रूपए निर्धारित की गई है।

साथ ही नए परिवारों के पंजीयन, परिवार रोजगार कार्ड में नए सदस्यों के नाम जोड़ने, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र परिवारों की पहचान, निर्माण कार्य के दौरान मिलने वाले आवेदन, सुझाव और शिकायतों से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रत्येक परिवार को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो, इसके लिए भी मार्गदर्शन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल योजनाओं के प्रति-जागरूक किया जाता है, बल्कि उन्हें आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास भी किया जाता है।

प्रोजेक्ट उन्नति जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। रोजगार दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन परिसंपत्तियों और निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश के साथ-साथ कबीरधाम जिले में भी प्रत्येक माह की 7 तारीख को इसका आयोजन नियमित रूप से किया जाता है।

# मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जिले में सुशासन तिहार का आगाज

- नागरिकों के साथ सरकार का संवाद बढ़ेगा और प्रशासन में पारदर्शिता : कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए सुशासन तिहार-2025 के प्रथम चरण प्रारंभ हो गया। इसके अंतर्गत लोग अपनी समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर सुबह 10 बजे से नगरीय एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में पहुंचकर शाम 05 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। आवेदन लेने की प्रक्रिया 11 अप्रैल 2025 तक चलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार-2025 मनाया जा रहा है। पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में पंचायतों के अलावा कलेक्ट्रेट, जनपद और तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी लगाए गए हैं। जहां नागरिक आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। सुशासन तिहार के प्रति जिलेवासियों एवं आवेदकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सुशासन तिहार के पहले दिन आज जिले के सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों के आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित किए गए स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने नगरीय एवं पंचायत स्तर पर सुशासन तिहार-2025 के क्रियान्वयन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम सुशासन और पारदर्शिता के सिद्धांतों के तहत लागू किया जाएगा। नागरिकों को त्वरित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार-2025 कार्यक्रमों से नागरिकों के साथ सरकार का संवाद बढ़ेगा और प्रशासन में पारदर्शिता आएगी। सुशासन तिहार-2025 का यह प्रथम चरण कबीरधाम जिले में एक नए प्रशासनिक दृष्टिकोण की शुरुआत है, जो मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नागरिकों और प्रशासन के बीच विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने का काम करेगा।

#### ग्रापं मुख्यालयों और नगरीय निकाय में प्राप्त कर रहे है आवेदन



आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर भी की गई है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था की गई है। प्रत्येक आवेदन को एक कोड देने की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। निर्धारित प्रारूप में खाली आवेदन पत्र ग्रामवार नगरीय निकायवार कोड सहित प्रिन्ट कराकर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है साथ हीए आवेदनकर्ता को पावती दी जा रही है।

#### एक माह में आवेदनों का करेंगे निराकरण

दूसरे चरण में सभी प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जा रहा है और संबंधित जिला, जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जा रहा है। संबंधित विभाग, अधिकारी लगभग एक माह में इन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जाएगा। इन आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण जिला और राज्य स्तर पर किया जाएगा।

### कक्षा 5वीं के छात्र छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई




**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में मंगलवार को कक्षा 5वीं के छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर तथा विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को कापी, पेन, पानी बोतल भेटकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को खीर-पूरी, सब्जी परोसा गया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच दिलेश निषाद, उपसरपंच सुनीता निषाद, पंच मनोज, सरिता, एसएमसी सदस्य राधा, प्रभा, धर्मराज, रूखमणी, प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा, शिक्षक अजित यादव साथ ही साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

# क्षेत्र के नदी, तालाब सूखने से ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की नदी, तालाब तथा जल स्तर नीचे गिरने से पेयजल की संकट दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अभी से भीषण गर्मी व उमस पड़ने से पशु पक्षी व ग्रामीणों के लिए पेयजल की समस्या बनी हुई है। वहीं नदी, तालाब व जल के अन्य स्त्रोत सूखने के कगार पर है साथ ही नदी-तालाब में थोड़ा बहुत बचा पानी भी नीला पड़ने लगा है। जिससे ग्रामीणों तथा रहवासियों में पेजयल की समस्या व परेशानी और बढ़ गई है। क्षेत्र में पशु-पक्षी पानी के लिए इधर-उधर भटकने मजबूर तथा गांव में ग्रामीण जन निस्तारी व पेजयल की समस्या से जुझ रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिधियों तथा जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा पेयजल के लिए बोर व हैंडपंप की सुधार तथा बोर पंप से नदी-तालाब में पानी छोड़ने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों तथा पशु-पक्षी को राहत मिल सकें।

**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता की भर्ती होगी। इसमें उपअभियंता सिविल के 86 व उपअभियंता विद्युत यांत्रिकी के 16 इस प्रकार कुल 102 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती होगी। इसके लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी व्यापमं को सौंपी गई है। भर्ती संबंधित जानकारी के लिए व्यापमं की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।

### यूपीएससी ने संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा के परिणाम की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सितम्बर 2024 के संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी द्वारा आयोजित संयुक्कत रक्षा सेवा परीक्षा (11)2024 का परिणाम जारी कर दिया है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित एसएसबी साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर भारतीय सैन्य अकादमी के पाठ्यक्रम के परिणाम जारी किए है। यह परिणाम यूपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .................................. ब 121/ वर्ष-2024-25

आवेदक रामदयाल पिता छत्तरसिह जाति गोड
निवासी बांगर तहसील कुकदूर
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम बांगर प.ह.नं. 04 को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदयाल पिता छत्तरसिह जाति गोड निवासी ग्राम बांगर तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरे दादा लालजू पिता बिरझू का मृत्यु दिनांक 09/04/2003 को ग्राम बांगर में हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 17/04/2025 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 03/04/2025
पेशी तिथि - 17/04/2025

मुहर — नायब तहसीलदार कुकदूर

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**धारा 6(2) देखिए**

**//सूचना का प्रकाशन//**

क्रमांक/ 2328 / प्रस्तुतकार 2025 कबीरधाम दिनांक 01/04/2025

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक वर उमेश भास्कर पिता रमेश भास्कर 21 वर्ष निवासी ग्राम मुड़ियापारा तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.) एवं वधु देवकी पटेल पिता गैंदलाल पटेल आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम मिनमिनिया मैदान तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.) दोनो के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अनुष्ठापिता आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति/दावा करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 29.04.2025के पूर्व या सूचना प्रकाशन की तिथि के एक मास कलैण्डर या तीस दिन के भीतर अधेहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगी तथा यह शून्य माना जायेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर — जिला विवाह अधिकारी कबीरधाम

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेंशनर संघ की बैठक 10 अप्रैल को आयोजित

**कवर्धा।** जिले में पिछले 6 वर्षों से पेंशनर संघ की कोई भी गतिविधि नहीं है। केवल कवर्धा ही नहीं पूरे प्रदेश में गतिविधियां लगभग शून्य है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महंगाई भत्ता जो की सेवा में रत कर्मचारियों को दिया गया तीन प्रतिशत है वह आज तक पेंशनरों को नहीं दिया गया है। पेंशनरों के हित में कार्य करने के लिए संगठन का पुनर्निर्माण आवश्यक है। इस संबंध में सभी पेंशनरों की एक बैठक 10 अप्रैल गुरुवार को 11.00 बजे कवर्धा में कांग्रेस भवन के पीछे स्थित सर्व वर्ग कर्मचारी भवन में आयोजित की गई है। जिसमें राजनांदगांव से कुछ कर्मचारी नेता भाग लेंगे। कबीरधाम जिले के समस्त सेवा निवृत्त कर्मचारियों से (पेंशनरों) से आव्हान किया गया है कि इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को पुनः मजबूत करें। यदि उनकी किसी प्रकार की भी समस्या है तो उसकी भी जानकारी दें और आवश्यक प्रपत्र साथ लावें ।

### एक विपत्तिग्रस्त परिवार को मिली आर्थिक मदद

**कवर्धा।** कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत बोड़ला तहसील के ग्राम सिवनीकला निवासी जोहन सिंह की ताबाल में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त जगदीश कुमार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

**अनदेखी:** बेदम दिखाई दे रहा है भव्य, सुंदर और व्यवस्थित नगर का दावा, निर्माण कार्यों के साथ व्यवस्था सुधार भी जरूरी

# नगर के बस स्टैण्ड का हाल बेहाल, साफ-सफाई का अभाव, पेयजल की सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वैसे तो कवर्धा में करोड़ों की लागत से हाईटेक बस स्टैण्ड बनकर वर्षो पहले ही तैयार हो चुका है और अब लोगों को इसके प्रारंभ होने का इंतजार है। पर यह कब प्रारंभ होगा और लोगों को इसका लाभ कब मिलेगा, इस संबंध में पुख्ता तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में स्थानीय प्रशासन का ये दायित्व है कि वर्तमान में जो बस स्टैण्ड उपयोग में लिया जा रहा है वह न सिर्फ व्यवस्थित हो बल्कि यहां साफ सफाई तथा यात्रियों के लिए सुविधाएं भी हों। लेकिन नगर पालिका की अनदेखी तथा घोर उदासीनता के चलते नगर के बीचों बीच संचालित बस स्टैण्ड का हाल बेहाल है। सार्वधिक समस्या यहां समुचित साफ सफाई के साथ लोगों के लिए पेयजल के आभाव की देखी जा रही है। स्थिति ये है कि बस स्टैण्ड परिसर की नालियों की साफ-सफाई लम्बे समय से नहीं की गई है। जिसके चलते नालियां जाम हो चुकी हैं और नालियां गंदगी से बजबजा रही है तथा भभूके मार रही है। जिससे यात्रियों के साथ-साथ परिसर में दुकाने संचालित करने वाले दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इसके लिए कहीं न कहीं दुकानदार भी जिम्मेदार हैं जो दुकानो से निकलने वाले कूड़ा-करकट व गंदगी को नालियों में ही उड़ेल देते हैं। बताया जाता है कि हॉटल संचालक अपनी बची हुई खाद्य सामग्री नालियों में उड़ेल रहे हैं और यह खाद्य सामग्री सड़ने के बाद इस कदर भभूका मारती है कि लोगों का सांस लेना भी दूभर हो जाता है। इसी तरह बस स्टैण्ड परिसर तथा यात्री प्रतिक्षालय की बात की जाए तो यहां भी नियमित साफ-सफाई का आभाव देखा जा रहा है। यात्री प्रतिक्षालय में आवारा मवेशियों का डेरा हमेशा रहता है जो गंदगी फैलाने का काम करते हैं। यात्रियों एवं स्थानीय दुकानदारों ने नगरपालिका प्रशासन से इस भारी अव्यवस्था को दुरूस्थ करने तथा नालियों व परिसर की साफ-सफाई कराए जाने की मांग की है।





### बस स्टैण्ड परिसर में भारी अव्यवस्था

नगर के इस वर्षो पुराने ईकलौते बस स्टैण्ड में व्यवस्था का खासा आभाव है। रोकटोक एवं नियम कायदों के आभाव में न तो बसों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा किया जाता है और न ही नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान देती है। यही हाल बस स्टैण्ड में लगने वाले ठेलों का है। बस स्टैण्ड में दर्जनों की संख्या में हाथ ठेलों में दुकाने संचालित की जाती हैं। लेकिन उन्हें व्यवस्थित ढंग से एक लाईन में संचालित नहीं किया जाता। जिससे व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अगर इसके लिए भी नपा प्रशासन गाईड लाईन निर्धारित करे तो व्यवस्था में सुधार हो सकता है।



### यात्रियों के लिए पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं

नगर के बस स्टैण्ड और यात्रियों की सुविधाओं के प्रति नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता इसी बात से समझी जा सकती है कि यहां इस भीषण गर्मी में यात्रियों के लिए शीतल पेयजल तक की व्यवस्था नहीं हैं। बस स्टैण्ड में लाखों का वॉटर एटीएम लगवाया गया है लेकिन सालों से बंद पड़ा। बस स्टैण्ड परिसर में बकायदा सौंदर्यीकरण कर कुछ नल भी लगवाए हैं। लेकिन यहां इतनी गंदगी है कि लोगों के लिए हलक से पानी नीचे उतारना कठिन होता है। पूर्व में यात्री प्रतिक्षालय में एक वॉटर कूलर लगा था लेकिन अब वह गायब हो चुका है। कुल मिलाकर यहां यात्री को अपनी प्यास बुझाने के लिए जेब ढीली कर हॉटलों से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।

### आरोपः सुविधाओं में कम निर्माण कार्यों में ज्यादा फोकस

कवर्धा नगर के इस बस स्टैण्ड में व्याप्त इस भारी अव्यवस्था को लेकर लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद कवर्धा की सत्ता सरकार भले ही बदल गई है, लेकिन सब कुछ पुराने ढर्रे में ही चल रहा है। पहले की तरह अब भी नगर पालिका के नेताओं का पूरा फोकस निर्माण कार्यो में है। लेकिन जहां तक व्यवस्था सुधार की बात है तो इस पर नगर पालिका और उनके नुमाईंदों की कोई रूचि नहीं है। लोगों ने साफ कहा कि ऐसे में नगर को भव्य, सुदंर और व्यवस्थित बनाने की बात करना सिर्फ गाल बजाने से ज्यादा कुछ नहीं है।

# पुलिस ने 35 लाख के 174 गुम मोबाइल स्वामियों को सौंपे

## लोगों ने पुलिस प्रशासन के प्रति जताया आभार



■ गुम मोबाइलों को खोजने पुलिस टीम ने की भारी मसक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

तकनीक के इस दौर में मोबाइल फोन केवल एक संचार उपकरण नहीं, बल्कि व्यक्ति की व्यक्तिगत, व्यावसायिक और सामाजिक जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। इसके गुम होने का अर्थ है एक आम नागरिक के दैनिक जीवन में असहायता, चिंता और असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होना।

ऐसे में कबीरधाम पुलिस द्वारा गुम मोबाइलों की बरामदगी और सुपुर्दगी का यह प्रयास न केवल तकनीकी रूप से सफल अभियान है, बल्कि जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और गहराई देता है। कबीरधाम जिले की साइबर सेल ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य करते हुए 174 गुम मोबाइल फोन को ट्रैक कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाने में सफलता हासिल की है। इन मोबाइल के कीमत लगभग 35 लाख रुपए है। यह समस्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी साइबर कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में पूर्ण की गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया का नेतृत्व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में एएसआई चंद्रकांत तिवारी साइबर सेल से आरक्षक मनीष सिंग राजपूत, आकाश राजपूत, उपेंद्र ठाकुर, अजय यादव, शिवम मंडावी एवं टीम के अन्य सदस्यों ने निरंतर सतर्कता, सूझबूझ और तकनीकी दक्षता के साथ कार्य किया।

टीम ने विभिन्न नेटवर्क प्रोवाइडर्स, डिवाइस आईएमईआई ट्रैकिंग सिस्टम, और डिजिटल निगरानी टूल्स का उपयोग करते हुए इन मोबाइलों की स्थिति का पता लगाया। खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए तकनीकी कौशल के साथ-साथ धैर्य, निरंतर प्रयास और नागरिकों से संवाद की भी महती भूमिका रही। मोबाइल सुपुर्दगी के दौरान ऐसे कई क्षण सामने आए जहां भावनाएं स्पष्ट रूप से छलक उठीं। एक युवा ने भावुक होकर कहा इस फोन में मेरी नौकरी के सारे दस्तावेज़ थे। मैंने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस ने फिर से मेरे सपने लौटा दिए। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने इस अभियान को पुलिस और समाज के बीच सेतु बनाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहाः पुलिस अब केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक युग की आवश्यकताओं को समझते हुए नागरिकों की हर छोटी-बड़ी समस्या में सहभागी बनने का प्रयास कर रही है।

साइबर अपराधों के बढ़ते प्रचलन में गुम मोबाइलों की ट्रैकिंग और बरामदगी एक चुनौती है, लेकिन यह हमारे लिए सेवा का अवसर भी है। उन्होंने आगे बताया कि कबीरधाम पुलिस साइबर जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा और तकनीकी सहायता के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है, और आने वाले समय में इससे जुड़ी जन-जागरूकता गतिविधियां और तेज की जाएंगी। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा ने बताया कि अधिकांश मामलों में नागरिकों द्वारा समय पर रिपोर्ट दर्ज कराना और आईईएमआई नंबर की जानकारी उपलब्ध कराना इस सफलता की कुंजी रहा। इसके साथ ही उनकी टीम ने दिन-रात मेहनत कर ऐसे स्थानों तक पहुंच बनाई जहा से डिवाइस सक्रिय किए जा रहे थे।

# आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इन दिनो आईपीएल क्रिकेट मैच चल रहा है और सूत्रों की माने तो जिलेभर में आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वाले से लेकर खेलने वाले सक्रिय है। बताया जाता है कि आईपीएल क्रिकेट के हर मैच में प्रतिदिन बड़े पैमाने पर सट्टा लगाया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि पुलिस प्रशासन सिर्फ शिकायत के आधार पर कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में जिले की पोड़ी पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा खेलने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पोड़ी चौकी पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर के जरिए पोंडी पुलिस को सूचना मिली थी। कुछ लोग आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सट्टा खेल और खिला रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पोंड़ी पुलिस की टीम ने सटोरियों के ठिकाने की घेराबबंदी कर सुनियोजित ढंग से दबिस दी और मौके से बैहरसरी, पोंड़ी चौकी निवासी कपूर चंद वर्मा आयु 31 वर्ष, सिल्हाटी, थाना बोड़ला निवासी गौरव चन्द्रसेन आयु 23 वर्ष, उसलापुर, थाना बोड़ला निवासी हिमांशु वर्मा आयु 22 वर्ष तथा बैहरसरी, पोंड़ी चौकी निवासी रघुवीर वर्मा आयु 22 वर्ष को दबोच लिया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, सट्टा-पट्टी, नकदी राशि तथा अन्य साक्ष्य जब्त किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने आईपीएल मैचों के दौरान ऑनलाइन ऐप्स व सोशल मीडिया चैट के माध्यम से सट्टा गतिविधियों में लिप्त होने की बात स्वीकार की है। जिसके बाद पुलिस वैधानिक कार्यवाही करते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



# बीईओ कार्यालय बोड़ला में शिक्षकों ने जमा किए आवेदन

■ क्रमोन्नति व समयमान को लेकर ब्लाक के शिक्षक उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

वेतन विसंगति को लेकर विगत कई वर्षों से संघर्ष कर रहे बोड़ला ब्लाक के शिक्षक क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष गोकुल जायसवाल के नेतृत्व में ब्लाक के कई शिक्षकों ने एक साथ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बोड़ला में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान से संबंधित अपना आवेदन जमा किया। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त एवं योजना विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग से क्रमोन्नति व समयमान प्रदान करने के संबंध में अलग-अलग पत्र जारी हुआ है, लेकिन विभागीय अधिकारी कुछ न कुछ पेंच फंसाकर शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नति व समयमान से वंचित करते आए हैं।

बिलासपुर उच्च न्यायालय के डबल बैंच द्वारा 28 फरवरी 2024 के निर्णय के अनुसार दस वर्ष में प्रथम व बीस वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान देने का उल्लेख है, जिससे शिक्षक एलबी संवर्ग उत्साहित हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बोड़ला में आवेदन जमा करते समय प्रमुख रूप से एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष गोकुल जायसवाल, सुरतिया साहू, प्रमोद जायसवाल, नारायण राजपूत, भूखन पटेल, राजेंद्र निर्मलकर,लक्ष्मण चंद्रवंशी, देवेंद्र शर्मा, रामाधार राडेकर, अनिल पांडेय, झम्मन साहू, सुनीता देवांगन, कृष्ण कुमार बघेल, आल्हा सिंह धुर्वे, दिलीप कौशिक, टेकू सिंह धुर्वे आदि उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवों ने नगाड़ा बजाकर जताया विरोध...



**कवर्धा।** प्रांतीय आव्हान पर बीते 22 दिनो से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर जिले के ब्लाक मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे जिले के पंचायत सचिवों द्वारा अपनी मांग को लेकर अलग-अलग ढंग से शासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। इसी कड़ी में जहां सोमवार को पंचायत सचिवों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल रैली निकालकर अपनी मांग से संबंधित एक ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा था वहीं मंगलवार को हड़ताली पंचायत सचिवों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में नगाड़ा बजाकर शासन का ध्यान अपनी मांग की ओर आकृष्ट करने का प्रयास किया और सरकार की उपेक्षा पूर्ण नीति का विरोध किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

**जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच ने वनांचल ग्रामों आयोजित किया कार्यक्रम**

# वनांचल के 100 से अधिक जरूरतमंदों को वितरित किया निःशुल्क राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत कुरलूपानी, लब्दा एवं कोमो गांवों में संचालित पोषण केन्द्रों के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के माता-पिता सहित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था। शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जीव दया फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त हुआ। यह आयोजन जिले के दूरस्थ गांवों तक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व में शिखर युवा मंच की टीम ने पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ इस कार्यक्रम का संचालन किया। गांवों में राशन वितरण के दौरान सभी लाभार्थियों को राशन वितरित की गई। प्रत्येक लाभार्थियों को 26-26 किलो चांवल एवं 4-4 किलो चना प्रदान की गई 7 इस कार्य से जरूरमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली और उन्हें दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिली। 03 गांवों में 100 जरूरतमंद परिवारों को राशन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व में हुआ। राशन प्राप्त कर सभी लाभार्थियों ने जीव दया फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच और संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों ने बताया कि यह मदद उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और समय पर थी, जिससे उनका जीवनयापन सरल हो गया है। इस कार्यक्रम में शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के साथ चंद्रकांत सेटकर, अयोध्या जायसवाल, जनक यादव, संतोष साकत, शिव डहरे, घुरवा राम धुर्वे, विष्णु मेरावी, शत्रुहन मेरावी, कमलेशिन मसकोले, ममता धुर्वे, राजकुमार धुर्वे, संजू मसकोले,पूना राम यादव एवं चयनित ग्रामों के सरपंच भी उपस्थित थे। इन सभी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना सहयोग प्रदान किया और हितग्राहियों को सहायता पहुंचाई।



# नगर पंचायत पिपरिया में मनाया जा रहा सुशासन तिहारः घुरवा राम साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

सुशासन का साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल छत्तीसगढ़ सरकार का एक साल महत्वपूर्ण उपलब्धियों से आम नागरिकों के बीच शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जिसके तहत नगर पंचायत पिपरिया द्वारा सुशासन तिहार के अवसर पर कार्यालय भवन में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक कार्यालयीन समयावधि सुबह 10:00 बजे से शाम 05.00 बजे तक समाधान पेटी रखा गया है, जिसमें आम नागरिक अपनी शिकायत मांग संबंधी आवेदन निर्धारित समयावधि में रखे गये समाधान पेटी में डाल सकते हैं। जिसका निराकरण किया जा सके। नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवा राम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप नगर पंचायत पिपरिया के विकास कार्यों को गतिशीलता दी जा रही है। श्री साहू ने उक्त अवसर पर कहा कि नगर पंचायत पिपरिया में महिलाओं को महतारी वंदन योजनाओं का लाभ मिल रहा है,प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के तहत जरूरतमंद परिवारों को लाभांवित किये जाने हेतु सतत प्रयासरत है। नगर विकास के कार्यो के लिए हमारे विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का योगदान सदैव नगर को मिल रहा है।

